उपरोक्त विधि द्वारा स्प्रे तैयार करने मे लंबा समय लगता है। अति शीघ्र स्प्रे तैयार करने के लिए पौधो की पत्तियों को प्रेशर कुकर मे उबाल लिया जाता है और पत्तियों का रस निकाल कर इस्तेमाल मे लाया जा सकता है।

उपयोग विधि

जैव कीटनाशक प्रयोग करने से पहले इसमें 25 प्रतिशत गौमूत्र मिलाया जाता है। इसके बाद इसे 17 लिटर पानी में 1 लिटर की मात्रा मे मिला कर फसलो पर छिड़काव किया जाता है।

विशेषता

हमें अलग-अलग फसलो के लिए अलग-अलग रासायनिक कीटनाशको का प्रयोग करना पड़ता है। परन्तु जैव कीटनाशक का छिड़काव (प्रयोग) किसी भी फसल पर किया जा सकता है। इन कीटनाशको की एक अन्य विशेषता यह है कि ये कीटो को नष्ट नहीं करते अपितु उन्हे निष्क्रिय कर देते है। जिससे लाभदायक कीटों का बचाव भी हो जाता है।

कीमत

यह एक मूल्य रहित तकनीक है।

परिणाम

जैव कीटनाशक का उपयोग किसी भी फसल को कीट मुक्त करने के लिए किया जा सकता है। इनका उपयोग अत्यत प्रभावशाली है।

रासायनिक कीटनाशकों के दुष्प्रभाव



चित्र 20.1

(i) ये महंगे पड़ते है और किसान को बहुत अधिक पैसा खर्च करना पड़ता है।

(ii) ये पर्यावरण को प्रदूषित करते हैं।

(iii) मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।

(iv) जलीय जीवो को नुकसान पहुँचाते है।

(v) ये लाभदायक कीटो को नष्ट कर देते हैं।

जैव कीटनाशकों के लाभ

(i) इनको तैयार करने में कोई विशेष खर्चा नहीं आता एव ये पौधे किसान को अपने आसपास के खेतों से ही प्राप्त हो जाते है।

(ii) इनका पर्यावरण पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता, क्योंकि इनमें गौमूत्र भी मिलाया जाता है, जो पर्यावरण को शुद्ध करता है।

(iii) इनका उपयोग करने से मानव स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता।

(iv) ये कीटों को नष्ट नही करते अपितु निष्क्रिय कर देते हैं जिससे लाभदायक कीटो का बचाव होता है।

दृष्टिहीनों के लिए टॉर्च

21

छात्र
आनन्द सिंह राठौड़

सेठ सम्पतरामजी दूगड उ.मा.विद्यालय
सरदार शहर, चूरू, राजस्थान

अध्यापक
बजरगलाल सोनी

प्रस्तावना

विश्व की कुल जनसंख्या का कम से कम 2 प्रतिशत व्यक्ति या तो जन्म से या दुर्घटनावश या किसी बीमारी के कारण दृष्टिहीनता के अभिशाप को भोग रहे हैं। दृष्टिहीनता एक विकलांगता है। व्यक्ति अपने आवश्यक कार्य करने मे भी अत्यधिक कठिनाई का अनुभव करते है। आज के इस वैज्ञानिक युग मे जब सुपर कम्प्यूटर बन चुके हैं तथा अन्तरग्रहीय यात्राएँ सम्पन्न हो चुकी है, तो यह हमारा दायित्व है कि विज्ञान के कतिपय सिद्धांतों, आविष्कारों तथा मूलभूत तथ्यो का उपयोग करते हुए यदि इस विकलागता को सम्पूर्ण रूप से दूर नहीं कर सकते, तो कम से कम सहायता के उपकरण विकसित कर सकते हैं। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए दृष्टिहीन व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन के साधारण व सामान्य कार्य मे सहायता हेतु इस उपकरण का निर्माण करने का प्रयास किया गया है।

हम यह जानते हैं कि पदार्थ तथा क्रियाएँ प्रकाश के प्रति संवेदनशील तथा क्रियाकारक होती हैं। उदाहरण के लिए धात्विक सल्फाईड प्रकाश के प्रति संवेदनशील रहते हैं। यह उनका रासायनिक गुण है। यही सल्फाईड का प्रकाश में प्रकाश की तीव्रता के अनुसार अपने प्रतिरोध मे परिवर्तनशीलता रखते हैं। प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता और प्रकाश ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में रूपान्तरण प्रसिद्ध वैज्ञानिक आइन्सटाईन द्वारा प्रतिपादित प्रकाश विद्युतीय प्रभाव के अंतर्गत करती है। इन दोनों के सापेक्ष गुणों का समायोजन कर प्रकाश की तीव्रता का अंतर करते हुये प्रकाश संवेदी उपकरण तैयार किया जा सकता

है। यह दृष्टिहीन व्यक्ति को प्रकाश अथवा अन्धेरे या उनके बीच की स्थिति का ज्ञान करवा सकता है। ये दोनो प्रकाश परिवर्तनशीलता के प्रति सवेदनशीलता के गुण के अतिरिक्त कुछ सामने आने वाले प्रतिरोधक अथवा अवरोधक से टकरा कर परावर्तित होते है तथा कुछ को इलेक्ट्रोनिकी परिपथ द्वारा परावर्तित तरंगो को पुनः ग्रहण करने हेतु ध्वनि के रूप मे सवेदन करने के लिए किया जाता है।

अतः उपयुक्त तीनों परिकल्पनाओं को आधार मानते हुए इस उपकरण का निर्माण किया गया है।

सिद्धांत

(अ) ट्रांसमीटरः ट्यूनल डायोड युक्त दो ट्रांजिस्टर का एम्पलीफिकेशन सर्किट तैयार किया गया है, जिससे एक निश्चित आवृति के सकेतों को उत्पन्न किया जाता है। इन सकेतो का ट्रंजिस्टर BC148 से एम्पलीफिकेशन कर D.C. एम्पलीफायर का रूप दिया गया है। D.C. एम्पलीफायर को आउटपुट स्टेपअप ट्रांसफार्मर की सहायता से डायोड D_3.एव D_4 .एव I.R. डायोड मे भेजकर इन्फ्रारेड तरंगे उत्पन्न की गई हैं। इस प्रक्रिया मे निम्न इलेक्ट्रॉनिक सिद्धात प्रयुक्त है —

(i) ट्यूनल डायोड की सहायता से उच्च आवृति उत्पन्न करना अर्थात् ट्यूनल डायोड सर्किट

(ii) प्रिएम्पलीफिकेशन ट्रांजिस्टाराईजेशन

(iii) D.C. एम्पलीफिकेशन

(iv) इन्फ्रारेड के रूप में ऊर्जा रूपान्तरण।

(ब) रिसीवरः रिसीवर सर्किट में I.C. 555 का उपयोग किया है जिसके ट्रिगर सेक्शन को I.R. रिसीविंग डायोड से जोड़ा गया है। I.R. की उपस्थिति मे मल्टीवाईब्रेटर ट्रिगर चालू होकर एक आवृति की ध्वनि पीजो स्पीकर द्वारा प्राप्त की जाती है। इस प्रक्रिया मे निम्न सिद्धात कार्य करते है।

(i) I.R. सकेतो को अल्प विद्युत सकेतों में बदलना

(ii) मल्टीवाईब्रेटर प्रणाली

(iii) ट्रिगर सिस्टम

(iv) पीजो इलेक्ट्रिक प्रभाव द्वारा ध्वनि उत्पन्न करना।

प्रयुक्त सामग्री

ट्रांजिस्टर BC147, BC148, IC555, पीजो स्पीकर, बैटरी 3V, प्रतिरोधक, कडेसर, ट्रासफार्मर, IR डायोड, रेक्टीफायर, सुचालक तार, केबिनेट, कील आदि।

बनाने की विधि

प्रस्तुत युक्ति तीन चरणो में कार्य करती है। इस युक्ति का मूल सिद्धात चमगादड़ द्वारा उड़ने के समय प्रयुक्त पराध्वनी स्रोत की तरह इन्फ्रारेड तरंगो का परावर्तन है। दृष्टिहीन व्यक्ति द्वारा चलते हुए जब इन्फ्रारेड तरगे उत्पन्न होकर सामने की दिशा मे फैलती है एवं सामने कोई अवरोधक आ जाता है तो उस अवरोधक से टकराकर ये तरंगे पुन: परावर्तित होकर लौट आती है। ये परावर्तित तरगें दृष्टिहीन व्यक्ति के पास के रिसीवर उपकरण में प्रविष्ट होकर एवं डायोड सुचालकता और तरगों की प्रबलता के सापेक्ष होने पर यह डायोड टाइमर आई.सी. के ट्रिगर सर्किट सकेतो को वर्णित कर ध्वनि के रूप में बदल देता है। इस सर्किट को अपनी विशेषताओ के कारण इन्फ्रारेड किरणों का परावर्तन जितनी दूर से अथवा पास से हो रहा है, उससे व्यक्ति यह जान लेता है कि अवरोधक उसके शरीर से कितनी दूर है।

इस प्रयोग का दूसरा भाग उस समय उपयोगी है जब दृष्टिहीन व्यक्ति अपने कमरे में बैठा हो, उस समय यह डर रहता है कि कोई व्यक्ति दिन अथवा रात मे कमरे में घुसकर चोरी न कर ले। ऐसी अवस्था मे बचाव हेतु एक विशेष प्रकार की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत इन्फ्रारेड किरणो से पूर्ण नियत्रित होने के कारण यह व्यवस्था दृष्टिहीन व्यक्ति के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयोग है।

सड़क, गली आदि की यात्रा के समय दृष्टिहीन व्यक्ति यह नहीं जान पाता है कि आगे खड्डा है अथवा सड़क या गली में पानी अथवा कीचड़ है। इन बातो का पता लगाने के लिए एक विशेष प्रकार का एल.डी.आर. तथा टच कन्ट्यूनिटी सर्किट लगाया गया है। इससे टच लाईट सेंसिंग सर्किट के सामने से उपरोक्त असुविधा भी दूर की जा सकती है। उपरोक्त सभी बाधाओ को इस प्रयोग मे दूर कर व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया है तथा दृष्टिहीन व्यक्ति पर भी यह प्रयोग सफल साबित हुआ है।

उपर्युक्त आकड़ों तथा विश्लेषण से यह तथ्य स्पष्ट है कि एल.डी.आर. सर्किट द्वारा प्रकाश तीव्रता का रूपान्तरण इलेक्ट्रॉनिकी परिपथ मे विभिन्न आयामी व आवृति वाले टोन ध्वनियों के रूप में किया जा सकता है।

इस प्रकार परिवर्तित इन्फ्रारेड तरंगो को ग्रहण कर उनकी संवेदनशीलता की तीव्रता को ध्वनि के संकेतो मे बदला जा सकता है।

उपयोगिता

इस उपकरण के इलेक्ट्रॉनिकी संरचना के आधार पर दिन अथवा रात्रि में दृष्टिहीन व्यक्ति के आवागमन मे यह उपकरण अवरोध सूचक के रूप में उपयोगी है।



चित्र 21.1



चित्र 21.2

संदर्भ

1. इलेक्ट्रॉनिक फॉर यू
2. विज्ञान प्रगति
3. डी.एस.टी. तथा एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित पुस्तके
4. विद्यालयी विज्ञान केन्द्र
5. मार्गदर्शक अध्यापक।

समेकित ग्रामीण घरेलू कुटीर उद्योग

22

छात्र
डिम्पल सोनी

राजकीय बालिका उ.मा. विद्यालय
सिरोही (राजस्थान)

अध्यापक
हरीश चन्द्र सोनी

प्रस्तावना

इस प्रदर्श का निर्माण ग्रामीण शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार के साधन उपलब्ध करा कर रोजगार के द्वारा आय वृद्धि के साथ ग्रामीण स्तर पर कुटीर उद्योग के रूप मे प्रचलित करके दीर्घकालिक आर्थिक विकास एव निर्धनता उन्मूलन हेतु किया गया है।

उद्देश्य

(i) कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना
(ii) ग्रामीणो की आय वृद्धि एव ग्रामीण विकास
(iii) एक व्यक्ति द्वारा चार उद्योगो को एक साथ चलाना
(iv) रोजगार वृद्धि।

सिद्धांत

समेकित ग्रामीण घरेलू कुटीर उद्योग मे वैज्ञानिक एवं दाब के सिद्धांत का उपयोग किया गया है।

प्रयुक्त सामग्री

लकड़ी, लोहे का ढांचा, स्प्रिंग, लोहे की मोटी प्लेट, लकड़ी से बने प्रेशर रोलर, कपड़े का पर्दा, विद्युत प्रेस, कॉईल, विद्युत हीटर, सयोजी तार, लेमीनेशन प्लास्टिक, स्टेन्शिल कागज, डुप्लीकेटिंग रिम, महत्वपूर्ण दस्तावेज़, चिकनी मिट्टी।

संयंत्र की संरचना

इस सयत्र की सरचना इस प्रकार है : 1. संयत्र के ऊपरी शीर्ष भाग पर डुप्लीकेटर स्थित है; 2. मध्य (ऊपरी) भाग पर कागजी प्लेट निर्माण यत्र स्थित है; 3. मध्य (निचले) भाग पर लेमीनेटर स्थित है; तथा 4. सबसे निचले भाग मे कटोरी निर्माण यत्र स्थित है। संयत्र के सबसे निचले आधार भाग में फुट प्रेशर लीवर स्थित है जिसके द्वारा सयत्र के आधार एवं ऊपरी भाग में स्प्रिग व्यवस्थित है।

संयंत्र की कार्य प्रणाली

समेकित ग्रामीण घरेलू कुटीर उद्योग की कार्य प्रणाली निम्नानुसार है:

1. डुप्लीकेटर : डुप्लीकेटर के मध्य मे लगे कपड़े के पर्दे के आधार तल (निचले तल) पर स्टेन्शिल (मुद्रित) चिपकाया जाता है तथा कपड़े के पर्दे पर पृष्ठ (ऊपरी) भाग में प्रेशर रोलर के द्वारा डुप्लीकेटिग स्याही लगाने के बाद प्रेशर रोलर को दाब के साथ घुमाने पर स्टेन्शिल के नीचे रखे डुप्लीकेटिग कागज पर प्रतिलिपी छप जाती है।

2. लेमीनेटर: लेमीनेटर द्वारा लेमीनेटिग कार्य करने हेतु विद्युत हीटर पर स्थित लोहे की मोटी प्लेट पर दस्तावेज़ लेमीनेटिंग शीट सहित रखा जाता है। यह विद्युत हीटर की गर्मी एव प्रेशर रोलर के दाब से लेमीनेटिंग शीट पर स्थाई रूप से चिपक जाता है तथा लेमीनेशन हो जाता है।

3. कागजी प्लेट एवं कटोरी निर्माण संयंत्र: समेकित ग्रामीण घरेलू कुटीर उद्योग के मध्य भाग में स्थापित इस संयत्र के द्वारा कागजी प्लेट एव कटोरी निर्माण हेतु विद्युत हीटर मे लगी अचल प्लेट पर गीले मोटे कागज की वृत्ताकार शीट रख कर संयत्र को दबाने पर गतिशील ऊपरी प्लेट एव निचली प्लेट की ऊष्मा के द्वारा गीली प्लेट की नमी सूख जाती है तथा प्लेट की आकृति बन जाती है। इस प्रकार कागजी प्लेट एवं कटोरी का निर्माण किया जा सकता है।

4. ईंट निर्माण संयंत्र: तालाब की गीली चिकनी मिट्टी को संयत्र के निचले आधार पर रखकर जब प्रेशर लीवर को दबाया जाता है, तो मच पर बने खांचे से ईंट बनकर रोलर बेल्ट पर गिर जाती है। रोलर बेल्ट को हाथ या विद्युत ऊर्जा से घुमाकर गीली कच्ची ईटों को इच्छित स्थान पर पहुँचाकर सुखाकर आग मे तपाने से पकी ईटो का निर्माण हो जाता है।

संयंत्र की उपयोगिता

संयंत्र के अनेक उपयोग है:

(i) ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के सभी प्रतिष्ठानो मे उपयोगी है।

(ii) बेरोजगारी तथा निर्धनता निवारण एवं प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि एव विकास में उपयोगी।

(iii) यह प्रदर्श गांवों मे प्रतिलिपि निर्माण, विज्ञापन हेतु कार्ड प्रिंटिंग, सूचना प्रसारण, लेमीनेशन कार्य एव छोटे आयोजनों पर कागजी प्लेट एवं कटोरी निर्माण मे सहायक एवं भूमिहीन कृषकों तथा ग्रामीणों द्वारा ईंटो का निर्माण सरलतापूर्वक, कम परिश्रम, कम खर्च तथा अधिक संख्या मे निर्माण करके गाँव की स्थानीय मांग को पूरा किया जाता है।

(iv) शैक्षणिक सस्थाओ में आदेशों की प्रतिलिपियाँ, लेमीनेशन कार्य, प्रश्न-पत्रों के निर्माण तथा छात्रों के लिये पाठ्य सामग्री निर्माण मे उपयोगी। विद्यालयों में आयोजित होने वाले समारोहों में नाश्ते के वितरण हेतु कागजी प्लेट एवं कटोरी निर्माण कर सकते हैं।

(v) सरकारी कार्यालयों, गैर सरकारी संस्थानों, सामाजिक संस्थानों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में उपयोगी है।

(vi) प्रधानमंत्री ग्रामीण रोजगार योजना एव स्वरोजगार योजना द्वारा बेरोजगारी निवारण में सहायक है। कुटीर उद्योगों का विकास।

(vii) उत्पादन मे नवीनतम तकनीकी एव मशीनीकरण को बढ़ावा देने में सहायक।

चित्र 22.1

संदर्भ

1. विज्ञान प्रगति
2. मॉडल्स संरचना एवं कार्य प्रणाली संदर्शिका।

मिसाइलरोधी प्रणाली

23

छात्र
अनुभव द्विवेदी

राजकीय इण्टरमीडिएट कॉलेज
इलाहाबाद

अध्यापक
नरेन्द्र कुमार राय

प्रस्तावना

वर्तमान विश्व एक ध्रुवीय व्यवस्था पर केन्द्रित होता जा रहा है। साथ ही साथ आतंकवाद की ज्वलंत समस्या विभिन्न राष्ट्रों की अखण्डता में बाधक हो रही है। ऐसे में जबकि संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका नगण्य प्रतीत हो रही है, तो राष्ट्रों के सम्मुख उनकी अखण्डता को बचाए रखना एक बड़ी चुनौती है। जहाँ एक ओर सूचना प्रौद्योगिकी के विकास एवं विस्तार ने दुनिया की दूरी को कम किया है, वहीं दूसरी ओर इसने अंतरिक्ष विज्ञान एव प्रौद्योगिकी के विकास में महती भूमिका प्रदान की है। सूचना प्रोद्योगिकी ने जहां लोगो को नयी जानकारियाँ दी है, वहीं दूसरी ओर दिन-प्रतिदिन नये-नये घातक हथियारों का भी विकास किया है। इन सबके साथ आज आतंकवाद एक अतर्राष्ट्रीय चुनौती बन कर उभरा है। सामरिक दृष्टि से सबसे विकसित एवं सुरक्षित माना जाने वाला देश अमेरिका भी आतंकवादियों की गतिविधियो से अछूता नहीं रहा है। इसलिए अगर आज हमने आतंकवादियों का मुंहतोड़ जवाब नही दिया तो कल हमारे देश में भी अमेरिका जैसी कई त्रासदियां घटेंगी।

विभिन्न प्रकार के आतंकवादी अथवा अन्य आक्रमण की स्थिति से निबटने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका ने यद्यपि अपनी सुरक्षा प्रणाली मे कुछ नए प्रयोग किए हैं तथापि ये अभी पूर्णत: सफल नही कहे जा सकते। लेकिन इनका विकास आतकवादी आक्रमण से निबटने के लिए कारगर सिद्ध हो सकता है।

इन्ही सब तथ्यों को ध्यान में रखकर मैंने यह मॉडल बनाया है। इस प्रणाली में व्यावहारिक संशोधन करते हुए प्रदर्शित क्रियाकारी मॉडल "मिसाइलरोधी प्रणाली" की

रचना की गयी है। इसका मुख्य उद्देश्य देश की बाह्य एव आन्तरिक सुरक्षा प्रणाली को अत्याधुनिक एवं नवीनतम तकनीकों से सुसज्जित करना है।

संयुक्त क्रियाविधि

प्रस्तुत प्रदर्श में हमने एक ऐसा रडार प्रयुक्त किया है, जिसकी तरगे पूरे विश्व मे फैली रहती है। इस रडार के द्वारा किसी भी देश से किसी भी समय निकलने वाली मिसाइल या यान की जानकारी रडार से जुड़े कम्प्यूटर की स्क्रीन पर आ जाती है। कम्प्यूटर से ही संयोजित रहती है हमारी गामा प्रणाली। रडार द्वारा मिसाइल निकलने की सूचना प्राप्त होते ही गामा प्रणाली से गामा किरणे मिसाइल की दिशा में निकलती हैं और मिसाइल के ईंधन मे विस्फोट उत्पन्न कर देती है। हम जानते हैं कि गामा किरणों का वेग एव ऊर्जा इतनी अधिक होती है कि यह आने वाली मिसाइल की प्लेट को छेद कर उसके ईंधन में आग लगा देती है, जिससे वायु में ही सिर्फ 5 सेकेण्ड के भीतर मिसाइल ब्लास्ट कर जायेगा। इसके द्वारा हम अपने देश मे आने वाले खतरे को सिर्फ कुछ ही सेकेण्डों मे खत्म कर सकते हैं।

प्रदर्श में प्रयुक्त आवश्यक वस्तुएँ

रडार: प्रस्तुत प्रदर्श मे रडार को बनाने के लिए 1.5 वोल्ट की मोटर एव स्टील की प्लेट का प्रयोग किया गया है।

लेज़र: लेज़र बॉडी एव 1.5 वोल्ट के तीन छोटे सेल।

मिसाइल: स्टील का खोखला बेलन एव अन्य आवश्यक वस्तुएँ

उपर्युक्त सामग्रियो के अतिरिक्त प्लाई, झालर, चेन, हीटर, टगस्टन तार, मोटर रडार, लेज़र, पटाखा, म्यूजिक सिस्टम का भी उपयोग इस प्रदर्श को बनाने में किया गया है।

भिन्न-भिन्न उपकरणों की क्रियाविधि

1. रडार की क्रियाविधि

आज इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बिना युद्ध की कल्पना भी नही की जा सकती। युद्ध मे सचार व्यवस्था के लिए उच्चतम आवृत्ति (हाई फ्रीक्वेसी) से लेकर सूक्ष्म तरगों (माइक्रोवेव) तक का प्रयोग किया जा सकता है।

रडार अर्थात् "रेडियो डिटेक्शन एण्ड रेजिग" उपकरण तीव्रगामी युद्ध मिसाइल, मिसाइलो की स्थिति, गति एवं दिशा दूर से ही ज्ञात कर लेता है। रडार ट्रांसमीटर द्वारा सप्रेषित सूक्ष्म तरंगें जब शत्रु विमान से टकराकर वापस रडार रिसीवर में आती हैं तो रडार के पर्दे पर यान का चित्र बन जाता है। इनकी दूरी, स्थिति तथा गति आदि की जानकारी भी पर्दे पर अंकित हो जाती है। शत्रु मिसाइल को गिराने मे भी रडार सहायक होता है।

प्रस्तुत प्रदर्श में रडार द्वारा लेजर (गामा किरणों) को संचालित कर शत्रु पक्ष की आती हुई मिसाइल को वायु में ही नष्ट किया जा सकता है। रडार की रक्षा व्यवस्था एव संचार व्यवस्था को जाम होने से बचाने के लिए उनमे प्रयुक्त रेडियो तरगो को बार-बार बदला जाता है, जिससे शत्रु आसानी से रडार को नाकाम नही कर पाता। शत्रु द्वारा रडार को भ्रमित करने के लिए वायु में छोड़े गये एल्युमिनियम कणों के प्रभाव से बचने के लिए एम.टी.ई. रडार एवं डिज़िटल फिल्टर तकनीकी का प्रयोग किया जाता है।

2. लेज़र की क्रियाविधि

लेज़र अर्थात् "लाइट एम्पलीफिकेशन बाई स्टिमुलेटेड एमिसन ऑफ रेडियेशन"। प्रस्तुत प्रदर्श मे लेज़र का प्रयोग मिसाइल को नष्ट करने के लिए किया गया है। रडार द्वारा सूचना मिलने पर लेज़र की दिशा मे निकलकर मिसाइल के ईधन में विस्फोट उत्पन्न कर देती है, जिससे पूरी मिसाइल मे विस्फोट हो जाता है।

3. गामा किरणों की क्रियाविधि

गामा किरणों के बारे में हम निम्नलिखित बाते जानते है —

(i) गामा किरणें विद्युत उदासीन होती है।

(ii) गामा किरणे 100 सेमी मोटी एल्युमिनियम की चादर को भी भेद सकती हैं।

(iii) गामा किरणों की चाल प्रकाश की चाल के बराबर (3×10^8 मी/से) होती हैं। प्रस्तुत प्रदर्श में हमने गामा किरणो को लेज़र किरणों के रूप में प्रयुक्त किया है, जो शत्रु के मिसाइलों को नष्ट कर सकती है।

4. मिसाइल की क्रियाविधि

साधारणतया किसी भी स्वनोदित (सेल्फ प्रीपेल्ड) प्रक्षेप्य को मिसाइल कहते हैं। इनका मुख्य उद्देश्य शत्रु के लक्ष्य को क्षति पहुँचाना है। मिसाइल दो तरह की होती हैं – (i) अनुसंधान मिसाइलें; (ii) युद्ध मिसाइलें। मिसाइले मुख्यत: बेलनाकार होती है। इनके गुरुत्व केन्द्र के पास दो पख (विंग) भी होते है। जो मिसाइल उठाने मे सहायक होते है। रॉकेट का मोटर एल्युमिनियम, मिश्र धातु अथवा संयुक्त पदार्थ (कम्पोजिट मैटिरियल, ग्लास या कार्बन के रेशों को पुष्ट किया हुआ इपाक्सी रेजिन) का बना होता है।

मिसाइलो मे द्रव एवं ठोस नोदक का प्रयोग किया जाता है, जिनमे मुख्यत: तरल ऑक्सीजन तथा हाईड्रोजन प्रयुक्त होता है। मिसाइलों में चार इजन प्रयुक्त होते हैं। प्रस्तुत प्रदर्श मे मिसाइल का प्रयोग शत्रु पक्ष पर आक्रमण करना है।

उपयोगिता

इस प्रणाली के द्वारा हमने भारत की बाह्य एव आन्तरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने की कोशिश की है। अगर हमारा देश इस प्रणाली पर कुछ गभीर विचार करे तो निश्चित ही हमारा भविष्य कम से कम बाहरी आक्रमण से तो सुरक्षित रहेगा।

संदर्भ

1. साइस टूडे
2. साइंस रिपोर्टर
3. कैमिकल एलिमेन्ट्स
4. रसायन विज्ञान
5. कार्बनिक रसायन
6. एक चमत्कारी किरण पुज-लेज़र
7. उपग्रह उवाच
8. चमत्कार परमाणु ऊर्जा के
9. विज्ञान प्रगति।

औद्योगिक विकास एवं पर्यावरण

24

छात्रा
दीपा राज, आकाक्षा प्रिया
कामना प्रिया
राजकीय ओमर बालिका उच्च विद्यालय
विष्णुपुर, बेगूसराय, बिहार
अध्यापक
तारकेश्वर प्रसाद सिह, अशर्फी प्रसाद यादव, मजू सिंह

प्रस्तावना

आज विकास का पर्याय बना हुआ उद्योग कितना बड़ा प्रदूषण फैला रहा है, जिसे कुछ व्यक्ति समझ नहीं पा रहे है और कुछ समझकर भी इससे अनभिज्ञ हैं। औद्योगिक विकास एवं पर्यावरण प्रदूषण एक ही सिक्के के दो पहलू हो गए हैं। यह सही है कि हमे औद्योगिक विकास करना है पर इसके साथ पर्यावरण को भी प्रदूषित होने से बचाना है। हमारे प्रदर्श का यही मुख्य उद्देश्य है, अन्यथा सिर्फ उद्योग द्वारा मानव जीवन का विकास असम्भव है।

समाविष्ट वैज्ञानिक सिद्धांत

पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले बहुत से कारक हैं, परन्तु हमारा प्रदर्श मुख्य रूप से कारखानों से फैलने वाले प्रदूषण पर केन्द्रित है। किसी भी प्रकार के कारखाने से मुख्यत: तीन तरह के अवशिष्ट पदार्थ निकलते हैं, जो मानव जीवन के लिए अत्यत घातक हैं। ये हैं ठोस राख, प्रदूषित जल एवं धुआँ। इसके अतिरिक्त भी बहुत सारे प्रदूषित पदार्थ नि:स्रावित होते है, जो मानव जीवन को समाप्त करने के लिए काफी हैं, जैसे, अम्लीय अवशिष्ट, नाभिकीय अवशिष्ट, अविखंडनीय अवशिष्ट इत्यादि।

इस प्रदर्श मे सामान्य कचरा, राख, प्रदूषित जल एवं धुआँ से न सिर्फ वातावरण को प्रदूषित होने से बचाने की विधि दर्शायी गयी है वरन उससे लाभदायक पदार्थ प्राप्त कर दर्शाया गया है।

निर्माण में प्रयुक्त सामग्री

कारखाना का मॉडल, चिमनी, चिमनी के अदर तार की जाली, ककड़, बालू, चूना एवं कोयला, जस्ता, तांबे की प्लेट, छोटी टेबुल घड़ी, दो जार, रबड़ की नलिका, जोड़ने के लिए तार।

कार्य प्रणाली

एक कारखाना के मॉडल के ऊपर चिमनी दर्शायी गयी है। चिमनी के ऊपर एक चैबर है। उस चैबर में तार की जाली भरी हुई है। कारखाने से निकलने वाला धुआँ कार्बन तार की जाली में फँस जाता है और कार्बन से मुक्त धुआँ चैबर के ऊपर वाले चिमनी से काफी ऊंचाई पर बाहर निकलता है। कार्बन को एकत्रित कर उससे रंग, ब्लैकबोर्ड रंगने का रंग, इलेक्ट्रोड आदि का निर्माण कर सकते है। उपचारित धुआँ भी बहुत ऊपर जाता है जिससे प्रदूषण या तो नहीं होता है या अत्यत कम होता है।

अब उससे निकलने वाले मलबे जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रदूषण फैला रहे हैं, उससे भी सफलतापूर्वक प्रयोग द्वारा उपयोगी पदार्थ बनाकर पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के तरीके इस प्रदर्श में सुझाए गए है, जैसे – कारखाने से निकलने वाली राख का उपयोग ईट के निर्माण मे किया जा सकता है। यह ईट मिट्टी के ईट से अधिक मजबूत होती है।

ताप ऊर्जा संयंत्र की राख से (जो हमारे यहाँ अवस्थित है) बिजली का उत्पादन करने की विधि भी दर्शायी गयी है। इस प्रदर्श में इसी प्रकार के एक सेल द्वारा टेबुल घड़ी को चलाकर दिखाया गया है।

मलबे के साथ निकले प्रदूषित जल का उपचार: सर्वप्रथम कारखाने से निकलने वाले मलबे को चैंबर सख्या 1 मे ले जाते हैं जहाँ अघुलनशील भारी ठोस नीचे बैठ जाता है। इसके बाद अघुलनशील एव भारी अशुद्धि से मुक्त जल को चैबर संख्या 2 में ले जाते हैं, जिसमें बालू, कंकड़, चूना तथा कोयला भरा रहता है। यहाँ पर रंग, गध, गैस अघुलनशील हल्की अशुद्धि जल से मुक्त हो जाती है।

अब इस जल को चैबर संख्या 3 में ले जाते हैं। जिसमे क्लोरीन गैस प्रवाहित किया जाता है जिससे जल प्रदूषण से लगभग मुक्त हो जाता है। इस जल को पीने के अतिरिक्त अन्य सभी कार्यो मे उपयोग किया जा सकता है।

इस प्रकार हम कारखानों के अवशिष्ट से वातावरण को प्रदूषित होने से बचा सकते है एवं उनसे उपयोगी सामान भी प्राप्त किया जा सकता है।



चित्र 24.1

संदर्भ

1. विज्ञान प्रगति
2. प्रदूषण निजाद।

सुनामी निगरानी तंत्र

25

छात्रा
हेमपुष्पा भारती

उर्सूलाईन कॉन्वेट बालिका उच्च विद्यालय
पुरूलिया रोड, राँची

अध्यापक
सुमन्त कर

प्रस्तावना

अब इस देश की आपदाओ के शब्दकोष मे एक नया शब्द जुड़ गया है - सुनामी। 26 दिसंबर, 2004 के पहले शायद ही किसी ने यह शब्द सुना होगा जो भारत के दक्षिणी तटीय क्षेत्रों सहित दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में तबाही लाने वाला दुनिया में अब तक की भयावह प्राकृतिक आपदाओं में एक साबित हुआ।

सुनामी का मूल समुद्र है। यह 13,000-20,000 किमी./घ. की गति से अपने मूल स्थान से 700 किमी. दूर जाकर कहर बरपाने में सक्षम है। सुनामी तरंगों की खासियत यह है कि वे अपनी ऊर्जा क्षय किए बगैर लंबी दूरी तय करती है। हजारों किलोमीटर दूरी तय करने के बाद भी इनकी मारक क्षमता बनी रहती है। सन् 1960 मे चिली मे उत्पन्न सुनामी तरंगों ने 1700 किमी. की दूरी तय की और जापान पर कहर बरपाया। यह तरंगों की एक ऐसी शृंखला है जो पानी के अंदर किसी भूगर्भीय हलचल के कारण जल स्तर के नीचे या ऊपर जाने अथवा दाएँ-बाएँ खिसकने से जन्म लेती है। समुद्र के भीतर ज्वालामुखी विस्फोट भी इनके उपजने का एक कारण है।

भारत में आया यह पहला सुनामी है। भारत में सुनामी से सावधान होने के सूचना तंत्र नहीं हैं। इस घटना के बाद भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से चेतावनी के यंत्र लगाने की तैयारी कर रहे हैं। वर्तमान समय में अमेरिका के तटों पर सुनामी की सूचना देने वाले यत्र लगे है। भारत ने सुनामी से बचने के लिए इसके निगरानी यंत्र की स्थापना पर 120 करोड़ रुपए की योजना बनायी है। इस निगरानी यंत्र को हिन्द महासागर में 6 किमी.

नीचे स्थापित किया जाएगा। इसकी स्थापना नितल महासागर निर्धारण और विवरण प्रौद्योगिकी (DOART) के अतर्गत किया जाएगा।

सिद्धांत

सवेदी उपकरण द्वारा सूचना-उपग्रह-अर्थ स्टेशन-सदस्य देश।

प्रयुक्त सामग्री

थर्मोकॉल, खिलौने के छोटे वाहन, कृत्रिम पेड़-पौधे, रूई, रगीन कागज़, तार, पारदर्शी प्लास्टिक, LED बल्ब।

कार्यविधि

सुनामी का निगरानी तत्र समुद्र में तैरने वाले संवेदी उपकरणों के माध्यम से नियंत्रित किया जाता है। समुद्र पर तैरने वाले सवेदी उपकरणो के द्वारा सूचना जुटायी जाती है।



चित्र 25.1

समुद्र के तल की छोटी-सी भी हरकत को ये उपकरण उपग्रह के जरिए अर्थ स्टेशन तक पहुँचा देते है। उसके बाद ये आंकड़े चेतावनी प्रणाली के सभी सदस्य देशों के चेतावनी केन्द्रो तक पहुँचा दिए जाते है।

उपयोगिता

सुनामी लहरें प्रकृति का कहर है जिसे पूरी तरह से रोक पाना मुमकिन नहीं, लेकिन आपदा नियंत्रण उपायों के तहत चेतावनी तत्र के जरिए इस आपदा से अपनी हानि को कुछ कम जरूर किया जा सकता है। भारत और समुद्र के किनारे बसे दूसरे देशो ने अगर तटवर्ती इलाको के लोगो को दो घटे पहले सतर्क करने वाली अतर्राष्ट्रीय सुनामी सतर्कता प्रणाली की सदस्यता ले ली होती तो शायद इतने बड़े पैमाने पर जनहानि न हुई होती। सुनामी चेतावनी प्रणाली के तहत 3 से 14 घंटे मे तट तक पहुँचने वाली इन लहरों के बारे मे अग्रिम सूचना दे दी जाती है। जिसमे हम सूचना पाते ही अपने घरो को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाकर अपनी जान बचा सकते हैं।

संदर्भ

1. इंडिया टूडे पत्रिका
2. समाचार पत्र
3. कक्षा दस की विज्ञान की पुस्तक।

ऊँचाई मापक यन्त्र

26

छात्र
अमित कुमार

10+2 उच्चतर माध्यमिक स्कूल
गोईलेरा, प्रखण्ड-गोईलकेरा
जिला पश्चिम सिहभूम-833 103

अध्यापक
नवीन कुमार झा

प्रस्तावना

अंकगणित व बीजगणित का दैनिक जीवन में बहुत प्रयोग होता है तथा छात्र उनसे परिचित है। त्रिकोणमितिय सिद्धांतो के दैनिक जीवन में प्रयोग को प्रस्तुत प्रदर्श में दर्शाने का प्रयत्न किया गया है।

प्रदर्शित वस्तु के निर्माण के पीछे बौद्धिक उद्देश्य

गणित के प्रति बच्चों में अभिरूचि बढ़ाना।

समाविष्ट वैज्ञानिक सिद्धांत

त्रिकोणमिति के ऊँचाई एवं दूरी पाठ पर आधारित
Tan 45° = लम्ब/आधार
(जहाँ Tan 45° = 1)
or, 1 = लम्ब/आधार
or, लम्ब = आधार
(जहाँ आधार को सरलतापूर्वक मापा जा सके)



चित्र 26.1

निर्माण में प्रयुक्त चीजें

पुराना आडियो कैसेट, लेज़र टॉर्च, गिफ्ट पैकेट का खाली डब्बा, थर्मोकॉल, गुड़िया, हाथ से बना एक पेड़/घर एव इंच टेप।

प्रदर्शित वस्तु की संरचना तथा कार्य

समकोण समद्विबाहु त्रिभुज और उसके कर्ण भुजा पर लेजर टॉर्च रख कर किसी पेड़ की ऊँचाई, खम्भे तथा इमारत की ऊँचाई, नदी की चौड़ाई आदि सरलतापूर्वक मापी जा सकती है।

$\text{Tan } C = h/BC$

or, $\tan 45^\circ = h/BC$

or, $1 = h/BC$

or, $h = BC$

(जहाँ आधार को सरलतापूर्वक मापा जा सके)।



चित्र 26.2

प्रदर्श की उपयोगिता

(i) शिक्षण कार्य में सहायक

(ii) ऊँचे इमारतों की ऊँचाई तथा नदी की चौड़ाई मापने मे मददगार।



चित्र 26.3



चित्र 26.4

वर्टिकल विंड मिल

27

छात्र
मनोज सोनी

सेठ सम्पतराम जी दूगड़
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
सरदारशहर (चूरू), राजस्थान

अध्यापक
बजरंग लाल सोनी

प्रस्तावना

वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत की आवश्यकता वर्तमान युग में प्राथमिक स्तर की है क्योंकि प्राकृतिक संसाधन सीमित भी हैं तथा इसका उपयोग पर्यावरणीय दृष्टिकोण से समस्या मूलक है। ऊर्जा के अपरम्परागत स्रोतों में सूर्य, वायु, जल, आदि का प्रमुख स्थान है। सूर्य के द्वारा विद्युत प्राप्ति आर्थिक दृष्टि से उचित नही है क्योंकि सोलर पैनल काफी महंगे हैं। वायु के प्रवाह से विद्युत प्राप्ति इतनी महंगी नही है। इसी उद्देश्य से राजस्थान में कई जगह पर क्षैतिज अक्ष (होरिजोन्टल एक्सिस) विंड जेनरेटर स्थापित किये गए है, परन्तु पश्चिमी तथा उत्तरी पूर्वी राजस्थान में सफल नहीं है। इसका कारण अचानक आई तीव्र वेग की हवाएँ हैं। इस कारण क्षैतिज अक्ष विंड मिल टूट कर गिर जाते हैं। इसी असुविधा को ध्यान में रखते हुए इस प्रोजेक्ट के निर्माण की परिकल्पना की गई है। दूसरा तथ्य इस प्रदर्श के पीछे यह भी है कि होरिजोन्टल एक्सिस मिल की स्थापना के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर काफी वृहत् तथा महंगा भी होता है जबकि प्रस्तुत प्रदर्श के अनुसार आकार को छोटा एव पोर्टेबल रखा जा सकता है।

उद्देश्य

वर्टिकल एक्सिस विंड जेनरेटर का प्रदर्श तैयार करने के पीछे निम्न उद्देश्य हैं –

(i) होरिजोन्टल एक्सिस विंड जेनरेटर का इन्फ्रास्ट्रक्चर काफी खर्चीला तथा स्थान अधिक घेरने वाला होता है।

(ii) न्यून वायु प्रवाह की स्थिति मे वर्टिकल विंड जेनरेटर प्रभावी कार्य करने मे सक्षम है। जबकि वर्टिकल विंड मिल कम खर्च मे तैयार हो जाता है तथा कम स्थान घेरता है।

(iii) वर्टिकल विड मिल (जेनरेटर) के आधार को परिवर्तनशील तथा पोर्टेबल रखा जा सकता है।

(iv) इसको किसी मकान अथवा इमारत के छत पर अथवा किनारे पर आसानी से स्थापित किया जा सकता है।

(v) होरिजोन्टल विड जेनरेटर की अपेक्षा इससे 35 प्रतिशत अधिक विद्युत प्राप्ति सम्भव है।

(vi) वायु प्रवाह की दिशा परिवर्तन पर इसकी कार्य प्रणाली व क्षमता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

(vii) होरिजोन्टल एक्सिस विंड जेनरेटर की अपेक्षा आर्थिक दृष्टि से उपयुक्त एवं रख-रखाव मुक्त है।

वैज्ञानिक सिद्धांत

प्रस्तुत प्रदर्श मे निम्न वैज्ञानिक सिद्धांतो का उपयोग होता है:

I. एयरोडायनामिक्स सिद्धांत की सहायता से वायु प्रवाह से स्थितिज ऊर्जा का रूपान्तरण गतिज ऊर्जा में करते हैं।

II. इलेक्ट्रोनिकी परिपथ द्वारा दाब संवेदन प्रणाली की सहायता से वायु प्रवाह के अनुक्रमानुपाती विद्युत मोटर का परिचालन सिद्धात।

III. चुम्बकीय बल रेखाओं के प्रभाव में सुचालक द्वारा ई.एम.एफ. की उत्पत्ति से डायनमो द्वारा विद्युत प्राप्ति।

IV. सरल उत्तोलक व बल आघूर्ण सिद्धातों पर आधारित गियर बॉक्स तथा कार्य ऊर्जा की उत्पत्ति।

प्रयुक्त सामग्री

लकड़ी, एल्युमीनियम चादर, एन्गल, डायनमो, नट-बोल्ट, कील, रंग, इलेक्ट्रोनिक परिपथ के लिए आई. सी., ट्रांजिस्टर, प्रतिरोधक, कन्डेनसर, रिले, ट्रॉंसफार्मर, क्वायल, डिज़ीटल मल्टीमीटर, वोल्टमीटर, एम्पीयर मीटर, स्विच, गियरबॉक्स, 6 वोल्ट मीटर, प्लाई आदि।

संरचना कार्य प्रणाली

प्रस्तुत प्रदर्श के निर्माण हेतु क्षैतिज (होरिजोन्टल) विड प्रोपेलर को एल्युमिनियम की 22 गेज की चादर से तैयार किया गया है। इसका डिज़ाइन गाड़ियों (कार) में लगे एयरकन्डीशनर के पखे की तरह रखा गया है तथा इसे पृथ्वी के समानान्तर रखते हुए ऊर्ध्वाधर कील पर ध्रुवण कराया जाता है। इससे इसकी मुख्य धुरी वर्टिकल रह पाती है। इसलिए इसे वर्टिकल एक्सिस कहा जाता है। इस प्रोपेलर को एक प्लेटफार्म पर व्यवस्थित किया जाता है तथा इसकी धुरी के साथ सरल उत्तोलक का प्रबन्ध कर एक डायनमो का संयोजन किया गया है। यह डायनमो टेपरेकॉर्डर की साधारण मोटर ही होती है। बाजार मे मिलने वाली इस मोटर से स्पीड वेरीएबल इलेक्ट्रोनिक सर्किट हटा दिया जाता है। इस मोटर की धुरी को घुमाने पर यह डायनमो की तरह कार्य करने लगती है।

वायु के प्रवाह का प्रोपेलर पर सन्तुलन रखने के लिए इसी वृत्तीय आकृति के चारों ओर छिद्रयुक्त एक गोल ढक्कन लगाया गया है जो गियर बॉक्स की सहायता से इलेक्ट्रोनिकी परिपथ के संचालन से वायु प्रवाह के दाब के अनुक्रमानुपाती प्रोपेलर की खुली जगह को कम या अधिक करता है। इस पूरी व्यवस्था को एक प्लेटफार्म पर लगाया गया है।

वायु प्रवाह से वायु प्रोपेलर एक ब्लेड से टकराती है तो वायु गतिकी (एयरोडायनामिक्स) सिद्धात के द्वारा अलग दिशा में बल आघूर्ण उत्पन्न होता है। जिससे कार्यकारी ब्लेड अपने स्थान से हटने का प्रयत्न करती है, क्रिया के फलस्वरूप ब्लेड गोल गति प्राप्त कर आगे की ओर खिसक जाती है तथा इसके स्थान पर दूसरी ब्लेड आ जाती है। यह क्रिया वायु प्रवाह के कारण निरन्तर चलती रहती है जिससे वायु प्रवेश मार्ग के सामने ब्लेडो का आवागमन जारी रहता है तथा ब्लेड्स का प्लेटफार्म गोल गति प्रोप्त करता है और प्लेटफार्म के साथ जुड़ा एक्सिल जो वर्टिकल अवस्था में होता है, घूमने लगता है। इस वर्टिकल एक्सिल के साथ गियर बॉक्स जोड़ा गया है जो अपनी सरचना के कारण गोल घूर्णन गति की आवृत्ति को बढ़ा देता है एवं इससे जुड़ा डायनमो का आर्मेचर घूमने लगता है। यह आर्मेचर दो स्थायी चुम्बको के चुम्बकीय क्षेत्र में होता है जिससे आर्मेचर की वेष्ठिनीयों के सुचालक ताबे के तारों द्वारा चुम्बकीय क्षेत्र की बल रेखाओ के काटने से ई.एम.एफ. उत्पन्न होता है जिसे डिज़िटल वोल्ट मीटर व आमीटर में दर्शाया जाता है। इस प्रकार वायु प्रवाह से प्रोपेलर द्वारा गोल गति प्राप्त कर डायनमो द्वारा विद्युत उत्पन्न की जाती है।

वायु प्रवाह का प्रोपेलर पर सिंक्रोनाइज प्रभाव के लिए एक विशेष दाब संवेदी सर्किट तैयार किया गया है। वायु प्रवाह से एक धातु के पर्दे पर दाब उत्पन्न होता है जिसका सबंध इलेक्ट्रोनिक परिपथ के इनपुट टर्मिनल पर रहता है। दाब के अन्तर पर

आधारित यह परिपथ रिले से संचालित विद्युत मोटर तथा गियर बॉक्स को सचालित करते हुए प्रोपेलर पर लगे छिद्रयुक्त अवरोधक को नियत्रित करता है। इस क्रिया का सबसे बड़ा लाभ यह है कि वायु की तेज गति होने पर वर्टिकल एक्सिस विंड मिल के उखड़ने, प्रोपेलर टूटने तथा अधिक विद्युत उत्पन्न होने का खतरा नहीं होता है।



चित्र 27.1

उपयोगिता

होरिजोन्टल एक्सिस विड मिल का उपयोग कई स्थानो पर सफलतापूर्वक हो रहा है। परन्तु वर्टिकल एक्सिस विंड जेनरेटर की कार्य क्षमता होरिजोन्टल एक्सिस मिल से कम होने के कारण इस विषय पर अधिक अनुसंधान नहीं हो पाया क्योंकि इसकी उपयोगिता संदेह में रही है। किन्तु इस प्रदर्श मे वर्टिकल विड मिल प्रोपेलर की डिज़ाइन पर विभिन्न वायु वेग में रचनात्मक अनुसधान कर उपयोग में होने लायक परिस्थितियाँ उत्पन्न की गई हैं। वर्टिकल विंड मिल प्रोपेलर की उपयोगिता निम्न प्रकार से सिद्ध की जा सकती हैं –

(i) बड़ी-बड़ी इमारतो में ऊपरी मजिल पर उपकरणानुसार विंड प्रोपेलर स्थापित कर डायनमो द्वारा विद्युत उत्पन्न की जा सकती है तथा यात्रिक कार्य इनकी गतिज ऊर्जा से सम्पन्न किया जा सकता है।

(ii) चलते हुए वाहनों के ऊपरी सपाट भाग में थोड़ी-सी ही जगह पर इनको स्थापित किया जा सकता है। क्योंकि होरिजोन्टल एक्सिस प्रोपेलर की तरह न तो यह अधिक जगह घेरता है और न ही वायु प्रवाह मे बाधा डालता है। इससे यह वाहन की बैटरी चार्ज कर सकता है और अतिरिक्त ऊर्जा भी पैदा कर सकता है जो रोशनी तथा साउड कार्यो में उपयोगी हो सकता है।



चित्र 27.2

बिना ऊर्जा से चलने वाला फ्रिज (ग्रामीण फ्रिज)

28

छात्रा
कृति उपाध्याय

द्वाराहाट इण्टर कॉलेज
द्वाराहाट, अल्मोड़ा-263 653

अध्यापक
हेमचन्द्र कबडवाल

प्रस्तावना

आधुनिक युग मे मानव जीवन के लिए फ्रिज का काफी महत्व है। परन्तु क्या इतना महगा फ्रिज जो कम से कम आठ से पन्द्रह हजार रुपयों में मिलता है, साधारण व्यक्ति खरीद सकता है? शायद नहीं। इतना ही नहीं एक फ्रिज से एक महीने मे कम से कम 90 यूनिट बिजली की खपत है। इन्ही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए हमने बिना विद्युत से चलने वाले एक ऐसे फ्रिज को तैयार किया है जो वाष्पीकरण एव गुप्त ऊष्मा के सिद्धात पर कार्य करता है।

सिद्धांत

बिना किसी ऊर्जा से चलने वाला यह ग्रामीण फ्रिज वाष्पन, गुप्त ताप, कैपिलरी एक्शन तथा पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण जैसे वैज्ञानिक नियमों पर आधारित है। इस फ्रिज में क्लोरो-फ्लोरो कार्बन गैस का उपयोग नही होने के कारण वायुमण्डल प्रदूषित नही होती है।

बनावट

बिना किसी ऊर्जा से चलने वाले फ्रिज का फ्रेम आम की लकड़ी से बनाया गया है। फ्रेम का बाहरी नाप 18 x 18 x 36 इंच है। फ्रिज का दरवाजा, तली तथा टॉप मोटे प्लाईवुड से बनाया गया है। फ्रिज के दरवाज़े पर लगा हुआ हैण्डिल भी लकड़ी का ही



चित्र 28.1

है। फ्रिज के मुख्य फ्रेम के तीनों तरफ खुले भाग को ढकने के लिए तार की महीन जाली का प्रयोग किया गया है। तार की जाली को लकड़ी के कोयले के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरा गया है जो कि छिद्र युक्त दीवार का काम करते हैं। फ्रिज को फिट करने के लिए विभिन्न नाप की कीले तथा पेंचों का इस्तेमाल किया गया है तथा सुन्दर बनाने के लिए नीले, काले तथा सफेद रंग से रंग दिया गया है।

क्रियाविधि

फ्रिज के ऊपर पानी से भरा एक बर्तन है जिसमें सूत की रस्सियाँ इस प्रकार डुबाई गई हैं कि रस्सियो का एक सिरा पानी में है और दूसरा सिरा तार की जाली से बने फ्रेम के बीच है जिसमें कोयला रखा गया है। इस प्रकार रस्सियों के सहारे धीरे-धीरे फ्रिज के तीनों तरफ जाली मे रखे कोयले भीग जाते हैं। समस्त कोयले के भीग जाने के बाद भाप बनने या वाष्पन की क्रिया होने लगती है। वाष्पन जितनी तेजी से होगा उतनी जल्दी फ्रिज के अन्दर का ताप कम होगा और उसमें रखी सामग्री ठंडी होने लगेगी। गरमी के मौसम में जब वायुमडल का तापमान लगभग 40°C होता है तब फ्रिज के अन्दर का तापमान लगभग 10°C तक पहुँच जाता है। बिना किसी ऊर्जा से चलने वाला यह फ्रिज एक आम आदमी की पहुँच में होने के कारण इसका नाम ग्रामीण फ्रिज रखा गया है।

लेज़र क्रांति

29

छात्रा
एन.वी. सोलकी
ए.पी. सोलंकी

अध्यापिका
एन.टी. पटेल

राजकीय माध्यमिक विद्यालय
सिलवासा, दादर नगर हवेली

प्रस्तावना

लेज़र किरण के आविष्कार के बाद मानव के जीवन की गुणवत्ता में भारी बदलाव आया है। आजकल हमारे पास सैकड़ो ससाधन लेजर पर आधारित हैं। प्रदर्श में लेज़र की उपयोगिता को जनसामान्य और छात्रों तक पहुँचाने का प्रयास किया गया है।

उद्देश्य

(i) लेज़र की कार्य प्रणाली की उपयोगिता के बारे में जानकारी देना।
(ii) लेज़र के प्रभावों के बारे मे जानकारी देना।

सिद्धांत

यह मॉडल (चित्र 29.1) एक टेबल टॉप पर बना हुआ चार कक्ष का बैंक का मॉडल है। इसमें एक साधारण बाजार में सामान्यतः उपलब्ध लेज़र का स्रोत लगाया गया है, जिसे विभिन्न दर्पणों द्वारा परावर्तन कराकर पूरे मॉडल के सभी कक्षो से गुजारा जाता है, जिसके द्वारा पूरे भवन मे लेज़र क्षेत्र बन जाता है। यदि लेज़र स्रोत युक्त बैंक के मुख्य द्वार के बाहर से कोई प्रवेश करता है तो द्वार स्वतः खुल जाता है। भीतर आने पर द्वार स्वतः बन्द हो जाता है। यह कार्य प्रणाली हम बैक के कार्यकाल के समय बैक के मुख्य द्वार पर उपयोग में ला सकते हैं। बैंक के कार्यकाल के पश्चात् अगर कोई व्यक्ति भवन में प्रवेश करने का दुस्साहस करेगा, तो भीतर वाली किरण कटने पर बैंक का सायरन स्वतः बजने लग जाएगा। इस प्रकार व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ा जा सकता है।



चित्र 29.1



चित्र 29.2

प्रयुक्त सामग्री

लेज़र के स्रोत, 2" × 2" के दर्पण, एल.डी.आर. सर्किट, रग, प्लाईवुड, फेविकॉल, मोटर, टेबल, सयोजक तार, स्विच, घंटी, एडाप्टर, रगीन कागज़ (साधारण) व अन्य सामान्य संसाधन।

संरचना एवं कार्य प्रणाली

लेज़र (Laser) का पूर्ण रूप विकिरण के प्रेरित उत्सर्जन द्वारा प्रकाश विस्तारण (Light Amplification by Stimulated Emission of Radiation) है। सामान्यत: लेज़र स्रोत एक कांच की नली होती है (चित्र 29.2) जिसमें गैस या गैसो का



चित्र 29.3



L_1 = Bell, Motor-1
L_2 = Motor-2

चित्र 29.4

विशिष्ट अनुपात मे मिश्रण होता है। कांच की नली के अन्दर दो सुचालक धातु की छड़ें स्थित होती है। जब इन छड़ों में D.C. विद्युत प्रवाहित की जाती है, तो छड़ों में विभवान्तर के कारण नली के अन्दर की गैस ऊर्जा प्राप्त कर अपने आयन में परिवर्तित हो जाती है, तब उन आयन के बाहरी कक्ष के इलेक्ट्रॉन उत्तेजित अवस्था में आकर ऊँची

कक्षा में पहुँचते है। कुछ समय पश्चात् जब वह इलेक्ट्रॉन [illegible] कक्षा में वापस पहुँचते हैं, तब ऊर्जा को उत्सर्जित करते है, जो फोटॉन के [illegible] पूर्ण परावर्तक दर्पण 1 से टकराने के पश्चात् दर्पण 2 से टकराता है जो कि अर्द्ध परावर्तित होता है। फोटॉन दोनो दर्पणो से कई बार टकराकर दर्पण 2 से बाहर आ जाता है। यह किरण अनेक विशिष्ट गुण रखती है। यह गुण इसे प्रेरित उत्सर्जन द्वारा प्राप्त होता है।

एल.डी.आर.

यह एक प्रकार का अर्द्धचालक है, जो प्रकाश प्राप्त कर सुचालक बन जाता है (चित्र 29.3(a) तथा 29.3(b)। जब प्रकाश एल.डी.आर. पर गिरता है, तब अर्द्धचालक के इलेक्ट्रॉन अणु नाभिक से कम आकर्षण के कारण धातु से बाहर आ जाते है तथा विपरीत छड़ पर पहुँच जाते हैं, जिससे सर्किट पूर्ण हो जाता है।

एल.डी.आर. सर्किट

जब एल.डी.आर. पर लेज़र प्रकाश (चित्र. 29.4) गिरता है, तो प्रथम सर्किट पूर्ण हो जाता है एवं विद्युत चुम्बक जीवित हो जाता है। इस कारण प्रथम मुख्य सर्किट ऑफ रहता है एव द्वितीय मुख्य सर्किट ऑन हो जाता है। लेज़र किरण कटने से जब एल.डी.आर. पर प्रकाश नहीं आता, तो विद्युत चुम्बक क्रियाशील हो जाता है, जिस कारण प्रथम मुख्य सर्किट ऑन हो जाता है एव द्वितीय सर्किट ऑफ हो जाता है।

प्रदर्श

जब व्यक्ति मुख्य द्वार के बाहर खड़ा होता है, तो लेज़र किरण के रूकने से प्रथम मुख्य सर्किट ऑन हो जाता है और मुख्य द्वार स्वत: खुल जाता है, और जब लेज़र वापस एल.डी.आर. पर गिरती है, तो द्वितीय सर्किट पूर्ण होने से मोटर द्वार स्वत: बन्द हो जाता है।

इसी प्रकार भीतर की लेज़र किरणे कटने से प्रथम मुख्य सर्किट ऑन हो जाता है और घटी बजने लगती है।

प्रदर्श की उपयोगिता

(i) घरों, बैंकों तथा महत्त्वपूर्ण भवनो की चोरो से सुरक्षा मे अत्यन्त उपयोगी है।
(ii) स्वत: खुलने व बन्द होने वाला गैराज, नल, शावर आदि।